हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

11 जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें



12 बच्चों को जैवलिन थ्रो का निः शुल्क प्रशिक्षण दिया



## शहर में आज

- डीसी अजय कुमार समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं
- लिपिक एसो.का धरना लघुसचिवालय में जारी
- अम्बेड़कर चौक पर रक्तदान शिविर का
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को 12 बजे डी-पार्क निवास पर पत्रकारवार्ता करेंगे
- रोडवेज डिपो में कर्मियों की होगी बैठक

### जिला परिषद की अध्यक्ष मंजू हुड्डा और नाराज पार्षदों के बीच तनातनी

# अध्यक्ष ने मीटिंग तारीख 24 से 26 की तो जिला पार्षदों ने अर्धनग्न होकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद की अध्यक्ष मंजू हुड्डा और नाराज पार्षदों के बीच तनातनी जारी है। काफी हो-हल्ला होने के बाद अध्यक्ष ने 24 जुलाई को सदन की मीटिंग तय की थी। लेकिन इस मीटिंग की तारीख अब 26 कर दी तो पार्षदों वीरवार को अर्धनग्न होकर विरोध जताया। विकास भवन के बाहर 9 पार्षदों ने चेयरमैन के खिलाफ अपना मोर्चा खोले रखा। पार्षदों का कहना था कि, फरवरी के बाद जिला परिषद की कोई मीटिंग नहीं हुई है। वे लगातार मीटिंग करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन चेयरपर्सन मंजू हमेशा इस मांग को अनुसना कर देती है।

■ पार्षद बोले, वह बार-बार बैठक बुलाने की मांग कर रहे, चेयरपर्सन नहीं सुन रही

### मीटिंग का समय बदला

पार्षदों ने बताया कि पिछले काफी रोष प्रदर्शन के बाद अब 24 जुलाई को मीटिंग होने का मैसेज मिला था, लेकिन फिर यह बदल दिया गया। अब 26 जुलाई का समय निर्धारित किया है। पार्षदों का कहना है कि अगर मीटिंग 24 को नहीं हो सकती, तो यह दो दिन पहले भी की जा सकती है। दो दिन देरी से ही क्यों की जा रही है। पार्षदों का कहना है कि उनके क्षेत्र की जनता अक्सर उनसे सवाल करती है कि उनके काम क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसे में वे जनता कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं, लेकिन चेयरपर्सन को इस बात की जरा भी फ्रिक नहीं है। न ही वह पार्षदों की सुनवाई कर रही है। इसके अलावा सीईओ भी उनकी बातों को अनुसना कर रहे हैं। मीटिंग में देरी होती रही तो जल्द ही हरियाणा में आचार संहिता लग जाएगी, फिर उनके कामों में देरी होगी। ये आरोप पार्षदों ने अध्यक्ष मंजू पर लगाए हैं।



रोहतक। जिला विकास भवन के बाहर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए जिला पार्षद।

### ये बोले पार्षद

जिला पार्षदों की मांग है कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक जल्दी से जल्दी बुलाई जाए, ताकि सरकार द्वारा दिए गए 19 करोड़ रुपयों को विकास के कार्यों में लगाया जा सके। प्रदर्शन कर रहे पार्षद सोनू पिलाना, दीपक निगाना, अनिल कुमार ने कहा कि जिला परिषद के हाउस की बैठक करवाई जाए, ताकि उनके वार्डों में काम किए जा सके। उन्होंने कहा कि जिला परिषद का सरकार ने 19 करोड़ रुपए भेजे हुए हैं। लेकिन जिला परिषद के हाउस की बैठक नहीं होने के कारण यह पैसा विकास में नहीं लग पा रहा।

### पार्षदों से विकास कार्यों की सूची मांगी

> मैंने वीरवार सुबह साढ़े बारह बजे तक सभी पार्षदों से अनुरोध किया था कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची जिला परिषद कार्यालय में जमा करवा दें। ताकि उनकी अगली कार्रवाई अमल में लाई जा सके।
> -मंजू हुड्डा, अध्यक्ष, जिला परिषद

### फरवरी में हुई थी बैठक

जिला पार्षद सोनू पिलाना ने बताया कि नियम अनुसार एक साल में कम से कम 6 हाउस की बैठक होनी चाहिए। पार्षदों ने कहा कि इससे पहले फरवरी माह में हाउस की बैठक हुई थी। इसके बाद एक भी हाउस की बैठक नहीं हो पाई। हाउस की बैठक करवाने की मांग को लेकर डीसी व अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

## समर गोपालपुर में तफ्तीश करने गई पुलिस टीम पर हमला, केस

**रोहतक।** समर गोपाल पुर में पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जय भगवान ने बताया कि वह एसआई के पद पर बहुअकबरपुर थाना में तैनात हूं। मैं और एसपीओ रणबीर, संदीप व एचआरएन कृष्ण सरकारी गाड़ी से बहुअकबरपुर थाना की तफ्तीश के लिए गांव समर गोपाल पुर गए थे। गांव के चौकीदार हनीफ के साथ आरोपी गौरव के घर पर पहुंचे और गौरव को आवाज लगा कर कहा कि हम थाने से आए है।




■ टीम गांव के चौकीदार के साथ गौरव के घर पहुंची थी

### वर्दी फाड़ी व लाठी से हमला बोला

इतना सुनकर गौरव की मां संतोष ने गौरव को वहां से भगा दिया और उसी समय पीछे से आकर संजय ने एसपीओ रणबीर को कंधे व कान पर लठ मारा और संतोष व बलकार ने रणबीर की वर्दी फाड़ दी व अनिल ने एसपीओ सन्दीप के साथ मार पिटाई की। वहीं, अनिल ने मुझे भी गालिया देनी शुरू कर दी। इस दौरान वहां 4-5 लोग आ गए उन्होंने भी हमारे साथ दुव्यर्वहार किया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू : कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमएससी मैथमेटिक्स सीडीओई जनवरी साइकिल तथा एमएससी मैथमेटिक्स सीडीओई ऑनलाइन मोड जनवरी साइकिल की प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर की, एमएससी मैथमेटिक्स सीबीसीएस स्कीम तथा एमएससी स्टैटिसटिक्स सीबीसीएस स्कीम की तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की, एमएससी-जेनेटिक्स, बायो इंफोर्मेटिक्स, बायोटेक्नोलोजी, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबियल बायोटेक, एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, बाटनी, एनवायरमेंट बायोटेक जारी कर दिया है। वहीं एनवायरमेंट साइंस, फूड टेक्नोलॉजी, फोरेंसिक साइंस, जूलॉजी, कंप्यूटर साइंस, फिजिक्स, केमिस्ट्री के तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा एमएड तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए-लोक प्रशासन पंचवर्षीय के चौथे व आठवें सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमए लोक प्रशासन वार्षिक के प्रथम व फाइनल वर्ष की री-अपीयर, एमए इकोनॉमिक्स आनर्स पंचवर्षीय के चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, प्री-पीएचडी लाइब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस की री-अपीयर, एम.कॉम डीडीई प्रथम सेमेस्टर जनवरी साइकिल की री-अपीयर, एम.काम वार्षिक प्रथम व फाइनल वर्ष की री-अपीयर, एमए राजनीति विज्ञान डीडीई प्रथम सेमेस्टर जनवरी साइकिल की री-अपीयर की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा चुका है।

### डॉ. श्रीभगवान संस्कृत विभाग के अध्यक्ष मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने संस्कृत, पाली एवं प्राकृत विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीभगवान को संस्कृत विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर संस्कृत इनकी नियुक्ति 20 जुलाई 2024 से तीन वर्ष हेतु की गई है।



### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

**रोहतक।** कलानौर के पास खैरडी मोड पर ट्रक व बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। भिवानी निवासी सीताराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बुआ रामरती के साथ गांव बौंद कलां मोटरसाइकिल से जा रहा था और जब वे 152 डी पर खैरडी मोड के पास पहुंचे तभी ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और रामरती की गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद काफी संख्या में राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए ट्रक चालक वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

## एएनसी ने हेरोइन के साथ युवक को पकड़ा

### छह ग्राम से ज्यादा नशीला पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी)रोहतक की टीम ने युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि सूचना मिली कि करतारपुरा निवासी युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है।

सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सती मंदिर वाली गली में खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान प्रेम निवासी करतारपुरा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से 6 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है। युवक के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ दो मामले थाना शहर में दर्ज है।



■ करतारपुरा के प्रेम पर पहले से दो मामले, जांच में जुटी टीम

### कब्जा हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने नगर निगम की सीमा में स्थित पालिका कॉलोनी के प्लॉट संख्या 28 एवं 30 से अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत रोहतक के नायब तहसीलदार बंसी लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। जारी आदेश के तहत नगर निगम के संयुक्त आयुक्त द्वारा कार्यवाही रिपोर्ट भी भिजवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

## एमडीयू में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में वीरवार को पीजी पाठ्यक्रमों- एमए-हिन्दी, एम.फार्मेसी-इंडस्ट्रियल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोलोजी, फार्माकोग्नोसी, ड्रग रेगुलेटरी एफेयर्स, एमसीए, एमएससी-कंप्यूटर साइंस, एमएससी-कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) तथा एमए-अंग्रेजी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान तथा कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों की विजिट की और परीक्षा व्यवस्था को जांचा। प्रो. मान व प्रो. तनेजा ने परीक्षा केन्द्र पर पर्यवेक्षकों, परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों व अन्य स्टाफ को प्रवेश परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षाएं सुचारू ढंग से आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी तथा पीआरओ पंकज नैन साथ रहे। 19 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे 1.45 बजे तक एमए-हिन्दू स्टडीज पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।



## एटीएम कार्ड बदल खाते से निकाले 25 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

■ बुटाना के जगबीर सिंह के साथ महम के मेन बाजार स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में वारदात

■ आरोपी ने धोखे से एटीएम कार्ड का पासवार्ड भी पूछा, केस दर्ज

महम में एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से 25 हजार रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत जिले के गांव बुटाना निवासी जगबीर सिंह पुत्र देईचंद ने बताया कि शाम को करीब साढ़े सात बजे उसने महम के मेन बाजार स्थित एक्सिस बैंक एटीएम से पैसे निकालने थे। इस दौरान उसके पीछे से किसी धोखेबाज ने आकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उससे एटीएम कार्ड का पासवर्ड पूछ लिया। उसके बाद वह घर चला गया। घर जाने के बाद पता चला कि उसके बैंक खाते से 25 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा। एटीएम के के आसपास की सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

## निजी अस्पताल के हेल्पर से बाइक सवारों ने फोन छीना

**रोहतक।** गांव कन्हेली निवासी एक युवक से दो बाइक सवार युवक फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित सुमित ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी अस्पताल में हेल्पर की नौकरी करता है। बृहस्पतिवार को सुबह मॉडल टाउन चार खंभा चौक से आगे पहुंचा और उस समय पैदल ही फोन पर बात करता हुआ जा रहा था। उसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और फोन छीनकर फरार हो गए। इस दौरान उनकी बाइक का नंबर नोट नहीं कर सका। वहीं पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ मॉडल टाउन में दिनदहाड़े वारदात, जांच में जुटी पुलिस

## कोरियोग्राफी में डॉ. वसुधा ने बरेली में जीता पुरस्कार

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के बायोकेमेस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर वसुधा धूपर ने बरेली में मिस और मिसेज उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता 2024 में बतौर शो कोरियोग्राफर हिस्सा लिया। जिसके लिए उन्हें बरेली के मेयर उमेश गौतम ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान उनके द्वारा की गई कोरियोग्राफी को प्रतिभागियों ने टैलेंट राउंड में प्रस्तुत किया जिसे सभी ने सराहा। अपनी इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉक्टर वसुधा धूपर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में बरेली के मेयर मुख्य अतिथि रहे।



# नालों की सफाई के काम में तेजी, नगर निगम ने चार टीमों को मैदान में उतारा, अधिकारी कर रहे निगरानी

### ■ माता दरवाजा चौक, जींद रोड, शौरा कोठी और पहरावर में चला सफाई अभियान


रोहतक। नाले की सफाई करता कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मानसून को देखते हुए नगर निगम द्वारा नालों की सफाई के कार्य में तेजी लाई गई है। इस दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों के अलावा चार टीमों ने नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया। इस दौरान जीटी की भी सफाई करवाई गई। टीम ने माता दरवाजा चौक, जीन्द रोड, शौरा कोठी, गांव पहरावर इत्यादि स्थानों पर नाले की सफाई का कार्य करवाया। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा जीन्द रोड, हिसार रोड, दिल्ली रोड नजदीक मस्त नाथ यूनिवर्सिटी, कच्चा चमारियां रोड, करतारपुरा आदि स्थानों से नालों से निकली गंदगी के ढेरों को उठवाया। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों द्वारा सीवरेज सफाई के दौरान निकली गंदगी के कूड़े को उठाने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है।





### सफाई के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क करें

इसके अतिरिक्त सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने की जागरूकता के लिए राजेन्द्रा कालोनी में विशेष अभियान चलाया गया। यदि सफाई कार्य से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो उसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय के कंट्रोल रूम के नंबर 18001805007, 14420 व 8295900992 पर या स्वच्छ ऐप पर अवश्य दर्ज करवाएं, जिनका निपटान नगर निगम द्वारा तुरंत किया जाएगा।

## पीजीआई की नर्सिंग एसो. ने बुलाई जनरल बॉडी मीटिंग

### मांगों को लेकर कर्मचारी गरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ कल लेक्चर थिएटर वन में साढ़े बारह बजे होगी बैठक : प्रधान

■ बैठक में सामूहिक हड़ताल का फैसला ले सकते है कर्मचारी

पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन ने एक बार फिर से अपनी लंबी चली आ रही मांगों को पूरा करवाने के लिए बिगुल बजा दिया है। अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि उन्होंने 20 जुलाई को लेक्चर थिएटर वन में साढ़े बारह बजे जनरल बॉडी की मीटिंग बुलाई है।

### कर्मचारी बोले, अब सब्र का बांध टूट चुका

उन्होंने बताया कि इस मीटिंग के लिए सभी स्टाफ नर्सों में पूरा उत्साह है और अधिक से अधिक संख्या में सभी इस मीटिंग में हिस्सा लेंगे। विकास फौगाट ने कहा कि वह सरकार को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करके दिखा चुके हैं अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है और सभी के सब्र का बांध टूट चुका है ऐसे में जनरल बॉडी के दौरान जो भी फैसला लिया जाएगा उसके लिए सीधे-सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन और हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी।

उन्होंने कहा कि यदि जनरल बॉडी में सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर फैसला बनता है तो वह सभी एक निश्चित तारीख से सामूहिक हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि वह अभी तक मरीज के हितों को देखते हुए सांकेतिक प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन अब सरकार चाहती है कि यह लड़ाई आमने-सामने की हो तो वह इसके लिए भी पूर्ण रूप से तैयार हैं।

बच्चो, तुमने टीवी में या रियल पपेट शो देखा होगा। पपेट यानी कठपुतलियों के जरिए मनोरंजन की यह कला देश-विदेश में सदियों से प्रचलित है। कहीं लकड़ी से, कहीं फैब्रिक से, कहीं पानी पर उछलते-कूदते तो कहीं शैडो पपेट्स के खेल देखने में बहुत मजा आता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कई देशों में पॉपुलर पपेट्स के बारे में बता रहे हैं।

# रंग-बिरंगी प्यारी-प्यारी खेल दिखाती कठपुतलियां

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चों, आज के समय में तुम्हारे पास एंटरटेनमेंट और टाइम-पास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जैसे-वीडियो गेम्स, मूवीज, टीवी शोज, म्यूजिक आदि। लेकिन बहुत पुराने दौर से आज तक भारत समेत दुनिया के कई देशों में मनोरंजन के लिए पपेट्स यानी कठपुतलियों का खेल भी दिखाया जाता रहा है। इन पपेट्स के हाव-भाव देखने का मजा ही कुछ अलग होता है। कठपुतलियां कई तरह की होती हैं। इन्हें काठ यानी लकड़ी के अलावा अलग-अलग देशों में कपड़े, मिट्टी, चमड़े जैसे कई तरह के मैटीरियल से बनाया जाता है।



जापान की बनराकू पपेट

## जापान की बनराकू पपेट

जापान को दुनिया के सबसे एडवांस्ड और विकसित देशों में गिना जाता है। हालांकि यहां इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों और मॉडर्न तकनीक से हजारों तरह के गेम्स खूब बनते और बिकते हैं। लेकिन इनके साथ ही यहां के पपेट्स 'बनराकू' को लोग बहुत पसंद करते हैं। इन पपेट्स को काठ (वुड) से बनाया जाता है। ये पपेट्स, छोटे और बड़े कई आकारों में बनाए जाते हैं। जापानी फोक म्यूजिक के साथ जब बनराकू पपेट्स का परफॉर्म कराया जाता है तो देखने वाले 'वाह-वाह!' कर उठते हैं।

## वियतनाम की वाटर-पपेट

वियतनाम में पपेट्स का खेल एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। यहां पपेट्स आर्ट को 'मुआ रोई नॉक' कहते हैं, जिसका मतलब है-पानी पर डांस करने वाली पपेट्स। इन पपेट्स को नचाने वाले आर्टिस्ट्स कमर तक पानी भरे तालाब में खड़े होकर इनका तमाशा दिखाते हैं। यहां इन पपेट्स के शानदार शो आयोजित किए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोग और पर्यटक बड़े चाव से देखते हैं।



वियतनाम में खूब पॉपुलर हैं वाटर-पपेट्स

### कैसे परफॉर्म करते हैं पपेट्स

बच्चो, पपेट (कठपुतली) अलग-अलग मैटीरियल से बनी एक तरह की डॉल जैसी होती है, जिनमें कुछ स्ट्रिंग्स यानी डोरी बंधी होती हैं। पपेट-आर्टिस्ट इन स्ट्रिंग्स की मदद से पपेट को ऊपर-नीचे और अलग-अलग डायरेक्शन में कुछ इस तरह मूव कराते हैं कि ऐसा लगता है, मानो पपेट खुद चल-फिर रहे हों या डांस कर रहे हों।

## चीन की शैडो-पपेट

चीन देश में पपेट्स की परंपरा सदियों पुरानी है। यहां कई स्थानों पर बच्चों को हिस्ट्री और कल्चर पढ़ाने के लिए भी पपेट शोज का आयोजन किया जाता है। खासतौर पर यहां के गांवों में अब भी मनोरंजन का एक प्रमुख साधन, पपेट शो हैं। चीन में डोरी से खींचे जाने वाले पपेट शो के अलावा शैडो-पपेट्स का तमाशा भी काफी पसंद किया जाता है। वास्तव में शैडो-पपेट्स ऐसी आकृतियां होती हैं, जिन पर खास एंगल से रोशनी डालने पर पीछे लगे पर्दे पर उनकी तस्वीर उभर आती है। ये पपेट्स काफी रंग-बिरंगे होते हैं। शो के दौरान इन्हें हैंडल करने वाले कलाकार, डायलॉग्स के बीच-बीच में बांस से बनी सीटी भी बजाते रहते हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ जाता है।



अमेरिका के फैब्रिक पपेट्स



इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

## अमेरिका के फैब्रिक पपेट

अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में सॉफ्ट-स्पंजी फैब्रिक्स से बने पपेट्स खूब पसंद किए जाते हैं। ये पपेट्स कार्टून कैरेक्टर्स जैसे लगते हैं। यहां पपेट्स के कई सुपरहिट टीवी शोज भी टेलिकास्ट किए जा चुके हैं। यहां बच्चों के लिए प्रेरक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक कार्यक्रम बनाने के लिए पपेट्स का खूब प्रयोग किया जाता है। अमेरिकी टीवी शो 'सीसेम स्ट्रीट' का नाम तो तुमने जरूर सुना होगा, यह टीवी पर प्रसारित होने वाला एक पपेट-शो था, जिसे हमारे देश में 'गली-गली सिम-सिम' के नाम से दिखाया जाता रहा है।

### भारत में तरह-तरह की कठपुतलियां



हमारे देश में भी कठपुतली-कला हजारों साल पुरानी है। हड़प्पा और मोहनजो-दारो की खुदाई में भी कठपुतलियों के अवशेष मिले हैं। भारत में पौराणिक या लोक कथाओं पर आधारित कठपुतलियों का प्रचलन अधिक है। भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग रंग-रूप और आकार की कठपुतलियां प्रचलित हैं। जैसे राजस्थान, ओड़ीशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में धागा पुतली के खेल खूब दिखाए जाते हैं। राजस्थान में इन्हें कठपुतली,ओड़ीशा में कुनढेई, कर्नाटक में गोंबयेट्टा, तमिलनाडु में बोम्मालट्टा कहते हैं। कई क्षेत्रों में छाया कठपुतलियों का भी प्रचलन है। छड़ पुतलियों के खेल बंगाल में पुतुलनाच और बिहार में यमपुरी के नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों पर दस्ताना पुतली भी खूब मनोरंजन करती हैं, इन्हें हथेली में दस्तानों की तरह पहनकर नचाया जाता है।

## इंग्लैंड के कार्निवल पपेट्स

इंग्लैंड में इतने विशाल पपेट्स बनाए जाते हैं कि इन्हें उठाने और चलाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ता है। यहां लिवरपूल में आयोजित होने वाला पपेट-शो 'लिवरपूल जायंट्स परेड' दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस परेड में करीब तीन मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले पपेट्स शामिल किए जाते हैं। इन पपेट्स को 'कार्निवल पपेट्स' के नाम से जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के पपेट शोज में रामकथा

रामायण और रामकथा हमारे देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में प्रचलित है। इंडोनेशिया में अलग-अलग स्थानों पर रामकथा का प्रदर्शन पपेट्स के माध्यम से किया जाता है। यहां भी चीन की तरह शैडो पपेट्स अधिक प्रचलित हैं। *

---

## जीके क्विज-113

1. इंडियन क्रिकेट टीम का नया हेड कोच किस पूर्व क्रिकेटर को बनाया गया है?
2. पिछले ओलंपिक (टोक्यो-2021) खेलों में भारत ने कुल कितने पदक जीते थे?
3. वह कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) है, जो दूध से दही जमाने में मदद करता है?
4. हाल में ही ईरान के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?
5. भारत के वर्तमान गृह मंत्री का क्या नाम है?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन थे?
7. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
8. पंकज आडवाणी का संबंध किस खेल से है?
9. एक फुटबॉल टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
10. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-113 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-112 का उत्तर :** 1. अनामिका बी. राजीव, 2. मुंशी प्रेमचंद, 3. मुंबई, 4. गिरिब्रज, 5. मधुमेह (डायबिटीज), 6. अमेजन वर्षा वन, 7. मध्य प्रदेश, 8. कर्नाटक, 9. महाराणा प्रताप और अकबर, 10. ईटानगर

**जीके क्विज-112 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, नारायण-मनकी लोरमी, विशु-मनकी लोरमी, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, पृथ्वी-बिलासपुर, रितेश-मटियारी

## हंसगुल्ले

**टीचर (तेज आवाज में)** : तो.. हमें अपने सपने पूरे करने के लिए क्या करना चाहिए?
**राजू (जम्हाई लेते हुए)** : फिर से सो जाना चाहिए।
-तनुजा, जबलपुर

**नव्या** : बताओ, दूध उफनकर बाहर क्यों गिर जाता है?
**नैंसी** : दूध उबालते समय व्हाट्स एप्प पर चैट करने की वजह से।
-खुशबू, रायपुर

**मम्मी** : एग्जाम कैसा हुआ बेटा?
**मोनू** : मम्मी, एग्जाम में ऐसे सवाल आए थे, जो मैंने कभी पढ़े ही नहीं थे।
**मम्मी** : तो फिर तुमने क्या किया?
**मोनू** : मैं भी ऐसे जवाब लिखकर आया हूं, जो टीचर जी ने कभी पढ़े नहीं होंगे।
-हर्षिता, बिलासपुर

**चुन्नू** : गाय पूंछ क्यों हिलाती है?
**मुन्नू** : क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि वो गाय को हिला सके।
-आदित्य, बलौदा बाजार



ट्रंक में बंद रंग-बिरंगी रेनकोट को काली-कलूटी छतरी से चिढ़ थी। वह उसे नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थी। बरसात से पहले जब छतरी और रेनकोट को ट्रंक से बाहर निकाला गया तो ऐसा क्या हुआ कि रेनकोट को अपनी खूबसूरती पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी?

# छतरी और रेनकोट

कहानी

अशोक जोशी

उस रोज संडे था। मोनू अपने पापा और मम्मी के साथ घर में ही था। शाम को वे सभी कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर रहे थे कि तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पापा ने मम्मी से कहा, 'देखो, अचानक कितनी तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है कि पूरे सप्ताह तेज बारिश की संभावना है। वो जो ट्रंक में मेरी छतरी और मोनू की रेनकोट रखी है, उसे निकाल लो।'

'ठीक है, निकाल लेते हैं।' मम्मी बोलीं।

मोनू के पापा-मम्मी की बातें जब ट्रंक में रखी छतरी और रेनकोट को सुनाई दीं तो वे यह सोचकर बहुत खुश हुए कि कई महीनों तक ट्रंक में पड़े रहने के बाद अब उन्हें ताजा हवा खाने को मिलेगी और बारिश की ठंडी-ठंडी बूंदों का स्पर्श मिलेगा। छतरी ने रेनकोट से कहा, 'देखो बहन, अब हमारे काम आने का समय आ गया है, तैयार हो जाओ।' रेनकोट की सोच कुछ अलग ही थी। उसे अपने रंग-रूप पर बड़ा अभिमान था। छतरी से उसकी बिल्कुल भी नहीं जमती थी। वह हमेशा छतरी को नीचा दिखाने का बहाना ढूंढ़ती रहती थी, उसे ओल्ड-फैशंड बताती और हमेशा उसके रंग-रूप का मजाक उड़ाती थी। वह कहती थी, 'हुंह.. कहां मैं और कहां तुम! तुम तो बिल्कुल ओल्ड-फैशंड हो। तुम अपना रंग-रूप देखो और जरा मेरी तरफ देखो, मैं कितनी मॉडर्न और रंग-बिरंगी हूं। मुझे देखकर बच्चे चहक उठते हैं। वैसे भी आज के मॉडर्न जमाने में छतरी कौन यूज करता है? देखो, मोनू के पापा ने मुझे किस तरह सहेज कर कवर के अंदर रखा है, तुम्हें ट्रंक के एक कोने में पटक दिया है। याद करो, मोनू के पापा ने जब तुझे खरीदा था, तब वो मोनू को भी छतरी ही दिलवा रहे थे। लेकिन मोनू ने अपने पापा से जिद करके अपने लिए रेनकोट खरीदवाया था।'

'बहन, ऐसा क्यों कहती हो? मैं भी तो वही काम करती हूं, जो तुम करती हो। हम दोनों ही लोगों को बारिश में भीगने से बचाते हैं। बस रंग-रूप और आकार-प्रकार में अंतर है।' छतरी विनम्रता से बोली।

तभी उन्हें कदमों की आहट अपनी तरफ आती सुनाई दी। चरमराहट की आवाज के साथ ट्रंक खुल गया। मम्मी ने पहले कोने में रखी छतरी को उठाया। उसे उलट-पुलट कर देखा। उस पर थोड़ी धूल जमी थी। उन्होंने दो-तीन बार उसे खोला और बंद किया। उसकी ताड़ियां भी अच्छी तरह से काम कर रही थीं। 'शुक्र है, यह अभी अच्छी है। कम से कम एक-दो सीजन तो निकाल ही देगी।' मम्मी बुदबुदाते हुए बोलीं, फिर उन्होंने छतरी को साफ कर दीवार में लगी कील पर टांग दिया।

मम्मी की बातें सुनकर छतरी को अपनी उपयोगिता पर संतोष हुआ। इसके बाद मम्मी ने जैसे ही रेनकोट की तरफ हाथ बढ़ाया, रेनकोट की बांछें खिल उठीं। उसने सोचा कि मम्मी अब उसकी खूब तारीफें करेंगी, उसे प्यार से सहेज कर अलमारी में रखेंगी ताकि बारिश में जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सकें। मम्मी ने कवर से निकालकर जैसे ही रेनकोट को खोला तो उनका मूड-ऑफ हो गया। जिस-जिस जगह से रेनकोट को मोड़कर रखा गया था, वहां सिलवटें पड़ गई थीं और जब उन्होंने उसे झटकारा तो सिलवटों वाली जगह से रेनकोट फट गई।

'पिछले साल ही तो खरीदी थी। सोचा था दो-चार सीजन निकाल देगी। लेकिन यह तो बस दिखने में ही अच्छी थी। कोई खास काम ना आ सकी। इससे अच्छी तो छतरी है, जो सालों तक बरसात के अलावा गर्मी में भी काम आती है...।' बुदबुदाते हुए मम्मी ने रेनकोट को डस्टबिन में डाल दिया। अगले दिन उसे नगर निगम की कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में डाल दिया गया। गाड़ी वाले ने अन्य कचरे के साथ उसे डाल दिया। रेनकोट अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी, 'मेरा रंग-रूप भला किस काम आया? मुझसे अच्छी तो वह छतरी है, जो अभी तक घर में लोगों के काम आ रही है।' रेनकोट को समझ आ चुका था कि रंग-रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारा गुण होता है। इसलिए कभी भी किसी का रंग-रूप देखकर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, बल्कि उसके अच्छे गुणों की कद्र करनी चाहिए। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद



## बरस घटा घनघोर

ओ घटा, बरस, घनघोर बरस,
इस ओर बरस, उस ओर बरस।
हम झूम-झूम कर नाच उठें,
अब झूम उठे मन-मोर, बरस।
लहलहा उठे बगिया मेरी,
तू जोर बरस, पुरजोर बरस।
सब ताल-तलैया भर जाएं,
मेढक करते हैं शोर, बरस।
रिमझिम का गीत सुना फिर से,
तू बन जा अब चितचोर, बरस।
कोई भी जगह न छूटे अब,
तू गांव-शहर हर छोर, बरस।
धरती की सारी प्यास बुझाए
झमझम-झमझम झकझोर, बरस।
जब तक सब खुश न हो जाएं
बूंदें न पड़ें कमजोर, बरस।
हम सब खेलेंगे छपछैया,
ओ घटा जरा तू, और बरस।

---

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.भालू के मुख की मुद्रा बदली हुई है। 2. हनी-पॉट के ऊपर मंडरा रही मधुमक्खी गायब है। 3.भालू के पीछे पेड़ पर अधिक पत्तियां लगी हैं। 4.झाड़ियों के पीछे एक और भालू दिख रहा है। 5.हनी-पॉट के पीछे हनी नहीं गिरा है।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां कुछ अधूरे ज्योमेट्रिकल शेप्स और उनके कट-आउट्स के चित्र दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इन चित्रों को पूरा करो।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में बहुत सारे बच्चे दिखाई दे रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितने बच्चे दिखाई दे रहे हैं?



उत्तर-12

## खबर संक्षेप



### शिविर में 90 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 90 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्तदान करने से शरीर की अनेक बीमारियां खत्म होती हैं, शरीर स्वस्थ रहता है।सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र, अनुज चावला, डाक्टर तिलक भूटानी, अशोक कत्याल, बलदेव मिड्ढा, हरीश शर्मा, अमित आदि मौजूद रहे।

### सरकार ने अग्निवीरों का किया भविष्य सुरक्षित



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने हरियाणा की नायब सरकार द्वारा अग्निवीरों को जॉब की पक्की गारंटी देने की घोषणा का स्वागत किया है। शमशेर खरक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा के सरकारी विभागों में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देकर अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई रोजगार की गारंटी से युवाओं में देश के प्रति प्रेम और फौज में जाने की इच्छा को और अधिक बल मिलेगा तथा अधिक से अधिक युवा अग्निवीर बनने के लिए आगे आएंगे। शमशेर खरक ने कहा कि जो अग्निवीर 4 साल की सेवा के बाद वापस आएंगे।

### उपायुक्त अजय कुमार ने जारी किए दिशा-निर्देश

# बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे फोटोयुक्त वोटर सूची की जांच

**एक जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम किए जाएंगे मतदाता सूचियों में दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के संक्षिप्त निरीक्षण से पूर्व की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ मतदाता सूचियों की त्रुटियों को भी दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान गत 1 जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

उपायुक्त अजय कुमार ने यह दिशा निर्देश जारी किए। अजय कुमार बृहस्पतिवार को स्थानीय कैंप कार्यालय में चुनाव से संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोबारा निरीक्षण से पूर्व की गतिविधियों के दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन भी किया जाएगा।

## मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाएंगे



■ मतदान केंद्रों का होगा रेशनलाइजेशन अधिकारी रेशनलाइजेशन के प्रस्ताव करें तैयार : उपायुक्त अजय कुमार

### एक से ज्यादा पहचान पत्र हों तो सही करें

अजय कुमार ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उन मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन व समायोजन का प्रस्ताव तैयार करें, जिन पर मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तैयार होने के उपरांत राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की सहमति लेने के लिए बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान यह ध्यान रखा जाए कि मतदाताओं के निवास से मतदान केंद्र आयोग द्वारा निर्धारित दूरी से ज्यादा न हो। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण की जांच की जाएगी। इस दौरान मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाने पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मतदाता पहचान पत्र की त्रुटियों को भी ठीक किया जाए। इन त्रुटियों में मतदाताओं के विवरण, फोटो इत्यादि शामिल है। यदि किसी मतदाता को एक से ज्यादा मतदाता पहचान पत्र जारी किए गए हैं, तो उन्हें भी दुरुस्त किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, उपमंडलाधीश दलबीर फोगाट व सुभाष चंद्र जून, नगराधीश अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला को ज्ञापन देते एनएचएम (आउटसोर्स) कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिविल कार्यालय, नागरिक अस्पताल, एसडीएच, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत एनएचएम (आउटसोर्स/एचकेआरएनएल) के तहत लगे कर्मचारियों ने वीरवार को सिविल सर्जन को अपना मांग पत्र सौंपा। कर्मचयारियों ने सिविल सर्जन को मिशन डारेक्टर एनएचएम के नाम का ज्ञापन दिया।

जिसमें बताया कि उक्त सभी कर्मचारी विभिन्न पदों पर सिविल सर्जन कार्यालय में एनएचएम के स्वीकृत पदों पर एएचएम (आउटसोर्स) के तहत 2 से 7 सालों से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जबसे एचकेआरएनएल शुरू हुआ, तभी से सभी को एनएचएम (एचकेआरएनएल) में पोर्ट कर दिया गया। सभी कर्मचारियों को वेतन प्रति माह एनएचएम की आरओपी अनुसार बजट हैड से ही दिया जा रहा है। लेकिन एनएचएम सर्विस बाइलॉज का लाभ नहीं मिल पा रहा। सरकार द्वारा पहले भी एनएचएम (आउटसोर्स) कर्मचारियों को एनएचएम में इन्डक्ट मर्ज किया गया था। कर्मचारियों ने मांग की कि वो सभी कर्मचारी जो एनएचएम की स्वीकृति पदों पर एचकेआरएनएल के तहत लगे हैं, उनके सर्विस में अबतक के पुराने अनुभव को जोड़कर सभी को एनएचएम में शामिल किया जाए और एनएचएम के सर्विस बाय लॉज का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि डॉ. अनिल बिरला ने कर्मचारियों की मांग को मिशन डायरेक्टर एनएचएम को भिजवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर डॉ. राजवीर सभ्रवाल, उप सिविल सर्जन, परवीन, कैलाश, दीपक शर्मा, विकास, करन, कुलदीप, आरती, दिवेश आदि मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने संडे पाठशाला को वितरित की सामग्री



**स्लम एरिया में रहने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उपलब्ध करवाई सामग्री**

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय कुमार ने हरियाणा रेडक्रॉस की चंड़ीगढ़ शाखा द्वारा भेजी गई सामग्री को शहरी क्षेत्र के स्लम एरिया के बच्चों के लिए चलाई जा रही संडे पाठशाला के संचालकों को वितरित की। संडे पाठशाला का संचालन एमटीएफसी संस्था द्वारा किया जा रहा है। वितरित की गई सामग्री में स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों के बैठने के लिए दरी, पीने के पानी के लिए बड़ा कैंपर व फस्टेड बॉक्स शामिल है। उपायुक्त ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में संडे पाठशाला के संचालकों को यह सामग्री वितरित की। डीसी ने पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों से बातचीत की तथा उन्हें रुचि पूर्वक शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। संडे पाठशाला के बच्चों ने उपायुक्त को स्वयं द्वारा पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए बनाया गया यंत्र भेंट किया। उन्होंने बच्चों से संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही शिक्षा व अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर ने बताया कि एमटीएफसी संस्थान द्वारा जिले में 6 स्थानों पर संडे पाठशाला चलाई जा रही है, जहां पर 300 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यह विद्यार्थी विभिन्न स्लम एरिया व कॉलोनियों में रहते हैं। मौके पर समाजसेवी सुभाष गुप्ता, संडे पाठशाला के संचालक नरेश ढल, मीनाक्षी, मीना हुड्डा, पूजा, टीचिंग स्टाफ, एडवोकेट चेतना अरोड़ा अन्य मौजूद रहे।

## संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य मंजीत मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रमुख सुमन सैनी ने बताया कि छात्र यश ने कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग में विराज, आयान तथा गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा अंडर 14 खो-खो में लड़कियों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 में कबड्डी लड़कों की टीम द्वितीय स्थान पर रही। अंडर 17 कुश्ती में सचिन, संचित तथा हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मंजीत मलिक ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा जीवन में अनुशासन और नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष हीरा सिंह यादव, प्रबंधक संपूर्ण सिंह तथा कोषाध्यक्ष सतीश गोयल ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पार्टी की नीतियों का प्रचार करें: ढाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका व राधा अहलावत की अध्यक्षता में पार्टी के शक्ति केंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें भाजपा के महम, लाखन माजरा और बहु अकबरपुर मंडलों के अध्यक्षों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक खुराना ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य हर व्यक्ति तक विकास और प्रगति के लाभ पहुंचाना है और इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।



**महम।** बैठक में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा व अन्य पार्टी कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### संगठन की मजबूती और एकता पर जोर

कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने भी अपने विचार साझा करते हुए संगठन की मजबूती और एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत हमारे कार्यकर्ताओं में है और हमें अपने सिद्धांतों पर अडिग रहकर जनता की सेवा करनी चाहिए। इस बैठक में भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा, अशोक खुराना, हरिओम मित्तल, अजय खुंडिया, ब्लॉक समिति चेयरमैन नवनीत राठी, नगर पालिका वाईस चेयरमैन वसंत लाल गिरधर और तीनों मंडल अध्यक्ष रोहतास पहलवान, नवीन उप्पल और हरेंद्र कटारिया समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में किया पौधरोपण



**रोहतक।** पौधरोपण करते कार्यवाहक प्राचार्य अनीता अमानी। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक तथा दो द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य अनीता अमानी ने कहा कि पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। कार्यक्रम संयोजिका मोनिका तथा डॉ. मनीषा बेदी के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा 100 पौधों को रोपित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अंजली मान, डॉ. सत्यप्रकाश, डॉ. नीलम, डॉ. सुरक्षा, डॉ. विनोद, डॉ. सुनीता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हर विद्यार्थी पेड़ लगाने के साथ उनका संरक्षण करें: चंद्रशेखर



**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ प्रीति के नेतृत्व में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत जामुन ,अनार, आंवला, कनेर, गुलाब आदि के करीब 40 पौधे रोपे गए। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर चंद्रशेखर ने कहा कि पेड़ों से ही हमारा जीवन सुरक्षित है। इसलिए हर विद्यार्थी को पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करना चाहिए। इस मौके पर डॉ सुनील चौहान, डॉक्टर प्रीतम, डॉ पदमा दलाल, डॉक्टर अनिल ने भी पौधारोपण किया।

## पं नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण



### बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को हरित हरियाणा क्लब और कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) ने सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनस्पति विज्ञान विभाग को कॉलेज परिसर में एक और पौध नर्सरी सह हर्बल पार्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम साप्ताहिक अभियान चलाया

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: डॉक्टर तनेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में एनएसएस इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान एक पेड़ मां के नाम साप्ताहिक अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है, इस अभियान में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। यह अभियान एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रजनी कुमारी और डॉ. परवीन शर्मा के दिशा निर्देशन में चल रहा है। इस अवसर पर डॉ. अंजू देसवाल, डॉ. शिखा, डॉ. हर्षिता, वॉलंटियर्स अरुण, सागर, विश्वजीत, मधुबाला, पलक, तरुण, निक्की, ख़ुशबू, शुभम, लतिका आदि उपस्थित रहे।




### एमकेजेके कॉलेज में किया पौधरोपण

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना एवं नवनिर्वाचित संस्था के सदस्यों ने दौरा किया। प्रधान गुलाब सिंह ने महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा एवं समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने नए एवं पुराने हॉस्टल का भी दौरा किया एवं पौधरोपण किया। इस अवसर पर उप प्रधान धर्मराज, सेक्रेटरी नवदीप, खजांची सुधीर, प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब, डॉक्टर आशा, डॉ. अनीता गुलिया, डॉक्टर दीपिका, डॉक्टर कुसुम, डॉक्टर सीमा, डॉक्टर निशा हुड्डा आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** पौधारोपण करते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना एवं नवनिर्वाचित संस्था के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सूचना

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री ईश्वर सिंह पुत्र श्री रामनारायण निवासी गुढाण तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री भावना मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# समाधान शिविर में एसपी व अन्य उच्चाधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं

## वीरवार को समाधान शिविर में प्राप्त हुई 49 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग व जिला प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारियों ने समाधान शिविर में जन शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। सरकार द्वारा समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों के तुरंत निपटारे बारे हिदायतें जारी की गई है। बृहस्पतिवार को समाधान शिविर में 49 शिकायतें आई। जिन्हें समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिया गया।

वैशाली सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा ने भी लोगों की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनने के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निपटारे के लिए यह शिकायतें सौंपी तथा अधिकारियों को शिकायतों के तुरंत निपटारे के आदेश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। प्रति कार्य दिवस जिला व उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 9 से 11 बजे तक जन शिकायतें सुनी जा रही है तथा संबंधित अधिकारी मौके पर ही इन शिकायतों के निपटारे की कार्यवाही कर रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने कहा कि समाधान शिविर आम जनता के लिए एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे है।

आम जनता को एक स्थान पर ही सभी विभागों के अधिकारियों की समाधान शिविर में उपस्थिति से अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर काटने से राहत मिली है। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक वीरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा आदि मौजूद रहे।




रोहतक। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

## खबर संक्षेप

### गुलशन डंग को नियुक्त किया सहसंयोजक



**रोहतक।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि 11 अगस्त 2024 को पानीपत में होने वाले राज्य स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में उनको सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान का आभार जताया। उन्होंने बताया इस व्यापारी सम्मेलन को लेकर पूरे प्रदेश के जिले और मंडियों के दौरे किए जाएंगे और व्यापारियों को इसमें शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने किहा भाजपा सरकार में जिस तरह व्यापारियों का शोषण हुआ और कानून व्यवस्था का बुरा हाल है, उससे व्यापारी वर्ग में भय और डर का माहौल बना हुआ है।

### 21 को होगी राजेंद्र सिंह के उपन्यास पर गोष्ठी

**रोहतक।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह 'सोमेश' के नव-प्रकाशित उपन्यास 'कब तक सहूं?' पर स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था सप्तरंग द्वारा 21 जुलाई को चर्चा की जाएगी। यह चर्चा रविवार को शाम 5 बजे स्वामी नितानंद स्कूल में होगी। राजेन्द्र सिंह 'सोमेश' लंबे समय से लेखन कार्य से जुड़े हैं। ऐतिहासिक और सामाजिक मुद्दों पर उनकी खास पकड़ है। आकाशवाणी रोहतक से उनके अनेक नाटकों और लेखों का प्रसारण हो चुका है। इसके अलावा कई कहानियां, उपन्यास, आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। इनकी पुस्तकें, 'दीनबन्धु सर छोटूराम' और 'हरियाणा में साम्प्रदायिक सद्भाव की विरासत' काफी चर्चित रही हैं।

### नए बस स्टैंड के पास मिला अधेड़ का शव

**रोहतक।** नए बस स्टैंड पर एक अधेड़ का शव संदिगध परिस्थितियों में मिला। जिसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कई दिन से अधेड़ बस स्टैंड के पास ही धूम रहा था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास लोगों से पता किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बता दें कि बृहस्पतिवार की सुबह बस स्टैड के पास खाली पड़े मैदान में लोगों ने एक अधेड़ का शव पड़ा देखा। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष के करीब है। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# नगर निगम के पोर्टल की वजह से पहले ही दिन आई दिक्कत

## केवल 475 ने किया स्वयं प्रमाणित, दोपहर तक सर्वर रहा बंद, रोज लगेंगे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने 22 वार्डों में कैंप लगाए। लेकिन पहले ही दिन पोर्टल पर सर्वर ने काम करना बंद कर दिया। दोपहर तक कर्मचारियों और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद जाकर कुछ जगह सर्वर चला तो लोगों ने प्रॉपर्टी रिकॉर्ड को स्वयं प्रमाणित करवाया। देर शाम तक करीब 475 लोगों के फार्म ही भरे गए। जबकि निगम को हजारों फार्म भरे जाने की उम्मीद थी। वहीं पूरे मामले की निगम आयुक्त अजय कुमार ने रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार से लेकर आगामी आदेशों तक कैंप लगाए जाते रहेंगे।

आयुक्त अजय कुमार को शिकायतें मिल रही थी कि लोग प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए कार्यायों के चक्कर लगा रहे हैं। इसके बाद निगम की तरफ से सैकड़ों कर्मचारियों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें घर घर भेजने के आदेश जारी किए। यहां टारगेट पूरा न होने पर हर वार्ड में कैंप लगाकर सुनवाई करने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी परेशानी के चलते सर्वर नहीं चला।

आने वाले दिनों में लोगों को समस्या नहीं आएगी। कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर अभियान के चलते कर्मचारी केवल 22 प्रतिशत ही काम पूरा कर पाए थे। जबकि सरकार की तरफ से हिदायतें थी कि जल्द ही काम को 50 प्रतिशत तक पूरा किया जाए। इसलिए कार्य में तेजी लाने के लिए फेरबदल किया।




### यहां-यहां लगाए जा रहे हैं कैंप

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 01 | धर्मशाला, शास्त्री नगर, पेट्रोल पंप वाली गली, हिसार बाईपास |
| 02 | हनुमान मंदिर, नजदीक गउकर्ण तालाब, नेहरू कालोनी |
| 03 | श्रीराम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड |
| 04 | भरत सिंह धर्मशाला, नजदीक शीतला माता मंदिर |
| 05 | अम्बेड़कर धमशाला, सलारा मोहल्ला |
| 06 | सति भाई साई नाथ आश्रम, नजदीक पंजाबी शिव धर्मशाला गोहाना रोड |
| 07 | सैनी धर्मशाला, चमनपुरा, राहड़ रोड |
| 08 | सामुदायिक केन्द्र आजादगढ़ |
| 09 | मैन अड्डा, चौपाल, बोहर |
| 10 | दादा बिशादे मंदिर बलियाणा |
| 10 | मोर वाली चौपाल, खेड़ी साध |
| 11 | जाट भवन, सेक्टर-1 |
| 12 | तिलक नगर धर्मशाला, तिलक नगर |
| 13 | श्री ओमकारेश्वर मंदिर, झंग कालोनी |
| 14 | मातुराम कम्युनिटि सैंटर, गांधी नगर |
| 15 | बाबा मूला संत मंदिर आर्य नगर |
| 16 | जैन धर्मशाला रेलवे रोड |
| 17 | श्रीराम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| 18 | जागरण पार्क, जनता कॉ. |
| 19 | सनातन धर्म बारात घर, शिवाजी कालोनी |
| 20 | शिव पार्वती मंदिर, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, भगवती चौक पार्क के पीछे |
| 21 | डॉ भीम राव अम्बेड़कर पार्क झज्जर चुंगी |
| 22 | कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मैन अड्डा सुनारियां कलां |



# बच्चों को जैवलिन थ्रो का दिया प्रशिक्षण

■ लड़कों में हर्ष, प्रिंस, शिवम व निक्कू ने एवं लड़कियों में विधि, नैन्सी, अंजलि, आर्वी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फाइव एस चैरिटेबल स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक गुलशन शर्मा ने विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय जैवलिन थ्रो का निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सरस्वती मॉडल स्कूल, जेडीएस पब्लिक स्कूल, गोरव पब्लिक स्कूल के 42 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं के उज्जवल भविष्य का निर्माण करना रहा, जिससे वे सशक्त बनें और सतत विकास और लक्ष्यों में अपना योगदान दें। प्रशिक्षण के दौरान इन युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लड़कों में हर्ष, प्रिंस, शिवम व निक्कू ने एवं लड़कियों में विधि, नैन्सी, अंजलि, आर्वी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं अंतिमा, जीया, अनुष्का, सोनाक्षी, रोशनी, आयुषी, दिव्यांशु, सुभाष, अजीत, आर्यन, अंशु, लवकुश, बादल, अमिश्त, कुनाल, रीतीक, रिंकू, पीयूष, तुषार, साहिल, वंश, नवीन, जतिन, लक्की व अंश आदि ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुनील नेहरा, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को पहले ही बरामद किया जा चुका है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि चिन्योट कॉलोनी निवासी अमन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जांच में सामने आया कि 30 जुलाई 2023 को अमन अपनी मोटरसाइकिल से ओल्ड आईटीआई पार्क में गया हुआ था। अमन अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा कर चला गया। करीब 15-20 मिनट बाद वापिस आने पर अमन को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

## पार्षद प्रतिनिधि ने 1000 पौधे वितरित कर मां को श्रद्धांजलि दी



**कलानौर।** वार्ड एक पार्षद प्रतिनिधि सन्नी द्वारा 1000 पौधे लोगों में वितरित किए गए। यह पौधे पार्षद प्रतिनिधि ने उनकी माता सावित्री की स्मृति में वितरित किए। पौधे वितरण के साथ ही उन्होंने वार्ड में भी पौधरोपण किया। बता दें कि उनकी माता का देहांत 12 जुलाई को हो गया था। जिनकी आज तेरहवी थी। सन्नी ने बताया कि उनकी माता वृक्षारोपण में रुचि रखती थी। उन्होंने अपने जीवन में सैकड़ों बार पौधरोपण किया। उनके लगाए हुए अनेकों पौधे आज वृक्ष का रूप ले लोगों को अपनी शीतल छाया प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लगभग 1000 पौधे लोगों में वितरित किए है।



## एमएस सरस्वती स्कूल के बच्चों ने ताइक्वांडो में जीते पदक

**रोहतक।** 13वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन विद्या भारती कॉलेज में किया गया। जिसमें जिले के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल शोर कोठी के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किए। विद्यालय के ताईक्वांडो कोच अश्विनी ने बताया कि रंजना ने स्वर्ण पदक, मीनाक्षी, उर्वशी, रोहन, भूवी और हेमंत ने रजत पदक और भारत, पीयूष व शमशाद ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। निदेशक हिमांक मित्तल और प्राचार्या रितु ने बच्चों को बधाई दी।

# बीएमयू व भारत स्काउट एंड गाइड के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में हरियाणा स्टेट भारत स्काउट एंड गाइड चंडीगढ़ तथा बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के बीच मेमोरेंडएम ऑफ एसोसिएशन (एमओयू) साइन किया गया। कुलपति प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइडिंग का उद्देश्य चरित्र का गठन है, ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण, हस्तकला में प्रशिक्षण और उपयोगी कौशल प्राप्त करना व कुशलता से सेवा की एक उचित भावना की खेती है। इस लक्ष्य का पीछा करने से लड़के और लड़कियों में अच्छी नागरिकता का विकास होता है। प्रोफेसर (डॉ) आरके गुप्ता, कुलपति अग्रसेन यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश कम स्टेट कमिश्नर रेंजर रोवर्स हरियाणा, असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर हरिओम शर्मा और स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एलएस वर्मा तथा अन्य रेंजर ओर रोवर्स के अधिकारियों ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में छात्रों को स्काउटिंग के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर बलराज आर्य, सुशील बाला जिला ऑर्गेनाइजर कमिश्नर रोहतक, डॉ. सुनील मेहरा, मंजू देवी डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर रोहतक, रजिस्ट्रार मनोज कुमार वर्मा, डीन एकेडमिक नवीन कपिल, डॉक्टर सुधीर मलिक आदि मौजूद रहे।

## कलानौर ब्लॉक में करवाई गई खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताएं



**रोहतक।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलानौर में खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का किया गया, जिसमें कलानौर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। बच्चों ने कविता पाठ, निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, स्किट प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी, भाषण, पीपीटी, डॉक्यूमेंट्री आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्राचार्य कर्मवीर खत्री एवं प्रवक्ता कृष्ण कुमार ओवरऑल इंचार्ज रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज में जागरूकता लाने का अच्छा माध्यम हैं। इस अवसर पर खंड परियोजना समन्वयक साधना, प्रवक्ता राकेश, मधु, आरती, मीनू आदि मौजूद रहे।

## एमडीयू का विद्यार्थी डॉ. अजय सिंह डिप्टी एडवाइजर पद पर चयनित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के सेंटर फॉर लाइफ स्किल्स एंड साफ्ट स्किल्स द्वारा संचालित अंग्रेजी लैंगवेज कंपीटेंसीज फॉर एवरीडे लाइफ एंड प्रोफेशनल कॅरियर कोर्स के विद्यार्थी डॉ. अजय सिंह को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली में बतौर डिप्टी एडवाइजर के पद पर चयनित किया गया है। सीएलएएस के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि डॉ. अजय सिंह का चयन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली की यूनिट फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के डिप्टी एडवाइजर के पद पर हुआ है, जो गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए छात्र डा. अजय सिंह को बधाई दी।

## पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने की सिफारिशों का किसानों ने जताया विरोध

**रोहतक।** शंभू और खनौरी बार्डरों पर तैनात हरियाणा पुलिस के 6 उच्च अधिकारियों को राष्ट्रपति पुरस्कार देने हेतु राज्य सरकार द्वारा सिफारिश करने पर अखिल भारतीय किसान सभा ने विरोध प्रकट किया। सभा ने इसे शर्मनाक सिफारिश को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग करती है। संगठन का कहना है कि कितनी हद की बात है कि हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट ने बॉर्डर पर किसानों को रोकने को अवैध बताया है। और हरियाणा सरकार यहां तैनात पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति से सम्मानित करने की सिफारिश कर रही है। सभा के महा सचिव सुमित दलाल ने बताया कि हाल में ही जिन 6 पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार दिए जाने की सिफारिश हरियाणा सरकार ने 2 जुलाई को की है। वे अधिकारी किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए शंभू और खनौरी बार्डरों पर तैनात किए गए थे। सरकार के तानाशाहीपूर्ण रवैये के परिणामस्वरूप 2020-21 में भी 13 महीने तक लाखों किसानों को दिल्ली के रास्ते बंद करके बॉर्डरों पर रोका और आम लोगों के लिए परेशानियां पैदा की गई। गत 6 महीने से यह अब पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर हो रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## लिपिकों का सांकेतिक धरना चौथे दिन भी जारी

# साइकिल यात्रा रोहतक से पानीपत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लिपिक एसोसएशिन के जिला प्रधान संदीप दांगी ने बताया की चौथे दिन राज्य टीम के आह्वान पर डीसी कार्यालय के सामने लिपिक वर्ग का सांकेतिक धरना जारी रहा। उन्होंने बताया कि लिपिकीय वर्ग की मांग के लिए चली हुई साइकिल यात्रा रोहतक से पानीपत पहुंची। साइकिल यात्रा का नेतृत्व जिला प्रधान संदीप दांगी व सतीश की अगुवाई में किया गया। साइकिल यात्रा कल करनाल पहुंचेगी, उसके बाद लिपिक वर्ग पंचकुला तक पैदल मार्च करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अभी भी लिपिक वर्ग की अनदेखी करती है तो लिपिक वर्ग और कड़े कदम उठाने पर मजबूर होगा। जिसमे सम्पूर्ण हड़ताल या कलम छोड़ आंदोलन भी हो सकता है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदार सरकार की होगी। अब लिपिक वर्ग में सरकार के प्रति विरोध है। इसके बाद भी कर्मचारी काम कर रहे हैं। इस मौके पर रोहतक से जगत नेहरा ,सतीश , सचिन , सुनील राठी सुमित, मंजीत, अनिल , धर्म, गौरव अन्य सभी विभागों से लिपिक वर्ग मौजूद रहा।




रोहतक। साइकिल यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते हुए लिपिक वर्ग के सदस्य।

## 14 दिवसीय इंटरडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स हुआ संपन्न

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के यूजीसी- मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा ऑनलाइन आयोजित-इंटरडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स वीरवार को संपन्न हो गया। इस 14 दिवसीय इंटरडिसिप्लिनरी रिफ्रेशर कोर्स के समापन सत्र में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रो. मान ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षक जिंदगी की चुनौतियों का सामना करने के काबिल बनाएं। उन्होंने शिक्षकों से निरंतर अपने ज्ञान एवं में अभिवृद्धि करने के लिए प्रेरित किया, जिससे विद्यार्थी नए ज्ञान एवं कौशल से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। एमडीयू के यूजीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। उप निदेशिका डॉ. माधुरी हुड्डा ने इस रिफ्रेशर कोर्स की थीम पर प्रकाश डाला। कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. ईश्वर मित्तल तथा डॉ. सपना ने समन्वयन एवं संचालन किया।